आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 06.06.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा जिले में फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए तारबाड़ योजना के तहत 6 करोड़ रुपये स्वीकृति किये।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा– महिला समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।
- ग्राम्य विकास, पंचायतीराज मंत्री भरत सिंह चौधरी ने रुद्रप्रयाग में ''एक पेड़ गुरु के नाम'' अभियान का शुभारंभ किया।
- आईएमए एसीसी ग्रेजुएशन सेरेमनी में कैडेटों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, सैन्य दक्षता और अनुशासन को सम्मानित किया गया।

''खेत बचाओ अभियान''

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेती के साथ–साथ उसकी सेहत का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का सामना कर रही है, ऐसे में किसानों को परिस्थितियों के अनुरूप खेती के आधुनिक तरीकों को अपनाना होगा। अल्मोड़ा जिले के विकासखंड हवलाबाग में कृषि विभाग की ओर से आयोजित ''खेत बचाओ अभियान'' कार्यक्रम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए उनके बैंक खातों में धनराशि भेज रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हुई है। उन्होंने कहा कि जब किसान और सरकार मिलकर काम करते हैं, तभी योजनाएं सफल होती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य पर काम कर रही है और इसका लाभ प्रदेश के किसानों को मिल रहा है। उन्होंने अल्मोड़ा जिले में फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए तारबाड़ योजना के तहत 6 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत करने करने के साथ किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने और फसलों की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) आज दो दिवसीय भ्रमण पर मुनस्यारी पहुंचे। इस दौरान पुलिस के जवानों ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने प्रसिद्ध नंदा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने मंदिर परिसर में लगाए गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया। राज्यपाल ने महिलाओं द्वारा स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिला समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों का संरक्षण एवं प्रभावी विपणन ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने के साथ–साथ स्थानीय पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

''एक पेड़ गुरु के नाम''

प्रदेश के ग्राम्य विकास, पंचायतीराज मंत्री भरत सिंह चौधरी ने रुद्रप्रयाग के तल्ला नागपुर क्षेत्र के क्वीली गांव में अपने गुरु पंडित पूर्णानंद पुरोहित के जन्मस्थली पर पहुंचकर ''एक पेड़ गुरु के नाम'' अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रारंभ हुआ यह अभियान प्रतिवर्ष हरेला पर्व की समाप्ति तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि

नई पीढ़ी को गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। ग्राम्य विकास मंत्री ने प्रदेश के सभी पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंगल दलों, स्वयं सहायता समूहों, स्वयंसेवी संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस मुहिम को जन–जन तक पहुंचाने और इसे देशव्यापी अभियान का स्वरूप देने का आह्वान किया।

भारतीय सैन्य अकादमी

भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के आर्मी कैडेट कॉलेज (एसीसी) विंग के एसीसी–126 कोर्स के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को सम्मानित किया गया।

समारोह में कोर्स की समग्र योग्यता सूची में पहला स्थान पाने वाले डब्ल्यूसीसी नवीन को थल सेना प्रमुख स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। दूसरे स्थान पर रहे सीसीसी अवनीश कुमार मिश्रा को थल सेना प्रमुख रजत पदक और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले डब्ल्यूसीक्यूएम हर्षराज को थल सेना प्रमुख कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

सेवा विषयों में सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर सीक्यूएमएस अमनप्रीत सिंह को सेवा प्रशिक्षण में प्रथम का सम्मान दिया गया। वहीं शैक्षणिक क्षेत्र में मानविकी संकाय में सीसीसी अवनीश कुमार मिश्रा ने प्रथम स्थान पाया। समारोह के दौरान कमांडेंट ने कैडेटों को शपथ दिलाई।

चारधाम यात्रा

उत्तरकाशी जिले में मुख्यमंत्री के निर्देश एवं जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रही चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही और अब तक 10 लाख 35 हजार 827 से अधिक श्रद्धालु गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि चारधाम यात्रा का संचालन सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। जिला प्रशासन यात्रा मार्ग से लेकर गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम तक यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

वहीं परियोजना ईकाई क प्रताप मटूडा स्वजल ने बताया कि दोनों धामों में स्वच्छता को लेकर आधिकारियों और कर्मचारियों में वृद्धि की गई है।

गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप गढ़वाल आयुक्त ने मेला प्रशासन को मानसून से पहले कुंभ कार्यों को वरीयता के आधार पर पूरा करने के दिए निर्देश दिये। कुंभ की तैयारियों को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंन  कहा कि कुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां समय से पहले करने होंगे। बैठक में  हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल  एवं टिहरी जिले के जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेला प्रशासन, रेलवे, दूरसंचार विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।